भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1384**

दिनांक 15.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

**जल जीवन मिशन का प्रभाव**

**1384. श्री असादुद्दीन ओवैसी:**

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने जल जीवन मिशन-हर घर नल योजना के प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) इस मिशन के अंतर्गत कवर किए गए परिवारों और गांवों में प्रदान किए गए कनेक्शनों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या यह योजना राज्यों से परामर्श के साथ केंद्र सरकार की अपेक्षाओं के अनुरूप चल रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) इस योजना की स्थापना के बाद से इसके अंतर्गत कुल कितने परिवार कवर किए गए हैं;
(ङ) क्या सरकार ने इस प्रयोजन के लिए राज्यों को समय पर निधि जारी की है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और योजना से छूटे हुए सभी परिवारों को कब तक इस योजना के अंतर्गत कवर किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (च): भारत सरकार, राज्यों के साथ भागीदारी में अगस्त, 2019 से जल जीवन मिशन (जेजेएम) - हर घर जल का कार्यान्वयन कर रही है ताकि वर्ष 2024 तक देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को पीने योग्य जल उपलब्ध कराया जा सके।

जेजेएम की घोषणा के समय, 3.23 करोड़ (17%) परिवारों में नल जल कनेक्शन होने की सूचना दी गई थी। अब तक, पिछले 3 वर्षों में लगभग 7.48 करोड़ (38%) ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 12.12.2022 तक, देश के 19.36 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से, लगभग 10.71 करोड़ (55%) परिवारों के घरों में नल जल आपूर्ति होने की सूचना दी गई है और शेष 8.65 करोड़ ग्रामीण परिवारों को 2024 तक कवर किए जाने की योजना है। अब तक प्रदान किए गए नल जल कनेक्शनों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

देश भर में मिशन के सफल कार्यान्वयन के लिए, 2019-20 में, 10,000 करोड़ रुपये, 2020-21 में 11,000 करोड़ रुपये, 2021-22 में 40,125 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया था। इसके अलावा, 2022-23 में, 12.12.2022 तक, मिशन के लिए आबंटित 60,000 करोड़ रुपये में से, पात्र राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 22,774.55 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है।

जेजेएम के तहत, नियमित कार्यक्षमता आकलन, मूल्यांकन और प्रभाव का आकलन करने की परिकल्पना की गई है। अभी तक मंत्रालय द्वारा प्रभाव का कोई आकलन नहीं किया गया है। तथापि, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, मानक सांख्यिकीय नमूने के आधार पर, मिशन के अंतर्गत प्रदान किए गए घरेलू नल जल कनेक्शनों की कार्यशीलता का एक स्वतंत्र तृतीय-पक्ष एजेंसी के माध्यम से वार्षिक मूल्यांकन करता है। कार्यक्षमता आकलन 2021-22 के दौरान, यह पाया गया था कि 86% घरों में कार्यशील नल कनेक्शन थे। इनमें से 85% को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा था, 80% को उनकी पाइपगत जलापूर्ति योजना के लिए पानी की आपूर्ति की अनुसूची के अनुसार नियमित रूप से पानी मिल रहा था, और 87% परिवारों को निर्धारित जल गुणवत्ता मानकों के अनुसार पानी मिल रहा था।

*****

अनुबंध

**दिनांक 15.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1384 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**ग्रामीण परिवारों में नल जल कनेक्शनों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति**

(12.12.2022 की स्थिति के अनुसार)

(संख्या लाख में)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | आज की तारीख के अनुसार कुल ग्रामीण परिवार | 15.8.2019 की स्थिति के अनुसार नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार | नल जल कनेक्शन दिए गए ग्रामीण परिवार | | | | | नल जल आपूर्ति वाले ग्रामीण परिवार | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | कुल | संख्या | % में |
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 0.62 | 0.29 | - | 0.33 | - | - | 0.33 | 0.62 | 100.00 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 95.69 | 30.74 | 1.19 | 12.77 | 9.69 | 9.64 | 33.29 | 64.03 | 66.91 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 2.29 | 0.23 | 0.13 | 0.65 | 0.42 | 0.11 | 1.32 | 1.55 | 67.39 |
| 4. | असम | 65.67 | 1.11 | 0.49 | 5.07 | 16.62 | 3.93 | 26.10 | 27.21 | 41.44 |
| 5. | बिहार | 1,66.98 | 3.16 | 28.97 | 1,03.46 | 20.84 | 3.46 | 1,56.72 | 1,59.89 | 95.75 |
| 6. | छत्तीसगढ़ | 50.07 | 3.20 | 0.96 | 1.51 | 4.45 | 7.25 | 14.16 | 17.36 | 34.68 |
| 7. | दादरा एवं नगर हवेली और दमण एवं दीव | 0.85 | 0.00 | - | 0.25 | 0.61 | - | 0.85 | 0.85 | 100.00 |
| 8. | गोवा | 2.63 | 1.99 | 0.31 | 0.33 | - | - | 0.64 | 2.63 | 100.00 |
| 9. | गुजरात | 91.73 | 65.16 | 1.06 | 10.95 | 9.54 | 5.03 | 26.57 | 91.73 | 100.00 |
| 10. | हरियाणा | 30.41 | 17.66 | 1.35 | 7.91 | 3.49 | - | 12.75 | 30.41 | 100.00 |
| 11. | हिमाचल प्रदेश | 17.19 | 7.63 | 1.59 | 3.79 | 2.97 | 0.68 | 9.02 | 16.65 | 96.87 |
| 12. | जम्मू एवं कश्मीर | 18.35 | 5.75 | 2.07 | 2.16 | 0.63 | 0.03 | 4.88 | 10.63 | 57.95 |
| 13. | झारखंड | 61.22 | 3.45 | 0.95 | 3.00 | 4.19 | 4.85 | 12.99 | 16.44 | 26.86 |
| 14. | कर्नाटक | 1,01.18 | 24.51 | 0.21 | 3.43 | 18.70 | 12.66 | 35.01 | 59.53 | 58.83 |
| 15. | केरल | 70.66 | 16.64 | 0.85 | 4.04 | 6.64 | 3.68 | 15.21 | 31.85 | 45.08 |
| 16. | लद्दाख | 0.43 | 0.01 | 0.01 | 0.02 | 0.09 | 0.18 | 0.29 | 0.30 | 71.32 |
| 17. | लक्षद्वीप | 0.13 | 0.00 | - | - | - | - | - | - | - |

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | आज की तारीख के अनुसार कुल ग्रामीण परिवार | 15.8.2019 की स्थिति के अनुसार नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार | नल जल कनेक्शन दिए गए ग्रामीण परिवार | | | | | नल जल आपूर्ति वाले ग्रामीण परिवार | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | कुल | संख्या | % में |
| 18. | मध्य प्रदेश | 1,20.07 | 13.53 | 4.19 | 19.87 | 11.04 | 6.47 | 41.57 | 55.10 | 45.89 |
| 19. | महाराष्ट्र | 1,45.87 | 48.44 | 5.45 | 37.09 | 10.66 | 3.68 | 56.87 | 105.31 | 72.19 |
| 20. | मणिपुर | 4.52 | 0.26 | 0.04 | 1.96 | 0.70 | 0.41 | 3.12 | 3.38 | 74.84 |
| 21. | मेघालय | 6.30 | 0.05 | 0.02 | 0.87 | 1.34 | 0.47 | 2.70 | 2.75 | 43.57 |
| 22. | मिजोरम | 1.34 | 0.09 | 0.16 | 0.34 | 0.22 | 0.15 | 0.87 | 0.96 | 71.47 |
| 23. | नागालैंड | 3.77 | 0.14 | 0.02 | 0.48 | 0.94 | 0.51 | 1.95 | 2.08 | 55.26 |
| 24. | ओडिशा | 88.57 | 3.11 | 4.37 | 15.47 | 17.47 | 8.11 | 45.42 | 48.53 | 54.79 |
| 25. | पुदुचेरी | 1.15 | 0.94 | 0.06 | 0.08 | 0.07 | 0.00 | 0.21 | 1.15 | 100.00 |
| 26. | पंजाब | 34.26 | 16.79 | 0.76 | 8.18 | 8.40 | 0.11 | 17.45 | 34.24 | 99.93 |
| 27. | राजस्थान | 1,05.77 | 11.74 | 1.02 | 6.81 | 5.67 | 5.99 | 19.49 | 31.23 | 29.52 |
| 28. | सिक्किम | 1.32 | 0.70 | - | 0.10 | 0.08 | 0.09 | 0.27 | 0.97 | 73.73 |
| 29. | तमिलनाडु | 1,25.02 | 21.76 | 0.17 | 16.13 | 14.90 | 19.67 | 50.87 | 72.63 | 58.10 |
| 30. | तेलंगाना | 53.87 | 15.68 | 20.18 | 18.20 | -0.19 | - | 38.19 | 53.87 | 100.00 |
| 31. | त्रिपुरा | 7.42 | 0.25 | 0.46 | 1.42 | 1.65 | 0.36 | 3.89 | 4.13 | 55.70 |
| 32. | उत्तर प्रदेश | 2,64.45 | 5.16 | 4.66 | 19.16 | 6.58 | 24.90 | 55.30 | 60.46 | 22.86 |
| 33. | उत्तराखंड | 14.94 | 1.30 | 0.87 | 4.32 | 2.75 | 1.07 | 9.01 | 10.31 | 68.99 |
| 34. | पश्चिम बंगाल | 1,81.13 | 2.15 | 0.05 | 12.48 | 23.39 | 14.00 | 49.92 | 52.06 | 28.74 |
| | **कुल** | **19,35.89** | **3,23.63** | **82.62** | **3,22.62** | **2,04.51** | **1,37.48** | **7,47.23** | **10,70.86** | **55.32** |

स्रोत: जेजेएम - आईएमआईएस एचएच: परिवार